बंदर की गोली मार कर हत्या, जुर्म दर्ज

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 29 जुलाई। बुधवार की सुबह अघन नगर कन्या शाला के पीछे एक बंदर की एयरगन से गोली मारकर हत्या कर दी गई।

वन विभाग द्वारा मामला दर्ज किया गया है। मोहल्ले वालों ने बताया कि अघन नगर निवासी जुगल किशोर शर्मा ने बंदर को मारा है। घटना के बाद वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच कर मृत बंदर को पशु चिकित्सालय ले गए। जहां डॉ. सिरमोर ने पोस्ट मार्टम किया। रिपोर्ट में बताया गया कि बंदर की मृत्यु हृदय में छर्रे लगने से हुई है। घटना की विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के सदस्यों निंदा करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नक्सल बंद भानुप्रतापपुर से आगे सभी मार्ग बंद

बांदे-ईरपानार मार्ग पर पेड़ गिराया

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 29 जुलाई। नक्सलियों द्वारा 28 जुलाई से 3 अगस्त तक नक्सली शहीदी सप्ताह मनाने का फरमान जारी किया गया। इसी के तहत बांदे से इरपानार मार्ग पर विकासपल्ली के पास एक दिन पहले पेड़ काटकर डाल दिया और शहीदी सप्ताह के संबंध में पोस्टर, पांपलेट लगा दिए। बांदे पुलिस ने घटना की पुष्टि की है।

नक्सलियों ने शहीदी सप्ताह 28 जुलाई से मनाने का निर्णय लिया है। यह सप्ताह 3 अगस्त तक चलेगा। नक्सलियों ने इस दौरान बंद का आव्हान किया है। जिसका प्रभाव जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में देखने को मिला। शहीदी सप्ताह के पहले व दूसरे दिन भानुप्रतापपुर से अंतागढ़, नारायणपुर मार्ग और भानुप्रतापपुर से दुर्गकोंदल, पखांजूर मार्गों पर सवारी बसों एवं सवारी टैक्सी नहीं चली जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। इस मार्ग के यात्री परेशान हैं। विगत दो माह से तीसरी बार बंद का आव्हान किया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। नक्सलियों ने बंद का आव्हान करते हुए एक दिन पहले बांदे से इरपानार मार्ग पर विकासपल्ली के पास पेड़ काटकर डाल कर मार्ग अवरूद्ध कर दिया है तथा पास के पेड़ में बैनर एवं पोस्टर भी टांग दिया है।

महिला समूह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें: पारख

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 29 जुलाई। महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित करते हुए बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि सामूहिक संगठन में बड़ी ताकत होती है। मिलकर प्रयास करने से कोई भी कार्य असंभव नहीं है। स्थानीय अग्रसेन भवन में आयोजित स्वर्ण जयंती शहरी स्वरोजगार मेला को श्री पारख ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर नरेश डाकलिया ने की।

श्री पारख ने कहा कि शोषणमुक्त समाज की रचना और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उसी दिशा में सरकार द्वारा किसानों को 3 प्रतिशत और गरीब महिला समूहों को ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर नरेश डाकलिया ने कहा कि यहां के महिला समूह व्यवस्थित ढंग से शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक विकास के क्षेत्र में राजनांदगांव जिला एक मिसाल कायम की है। किसी भी संस्था या समूह के सफलता के कई मापदण्ड होते हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाली महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा समूह बनाकर आर्थिक उत्थान के लिए इस स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार मेला में जानकारी दी जाएगी।

हत्यारा पति को आजीवन कारावास

कांकेर, 29 जुलाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश महादेव कातुलकर ने पति द्वारा पत्नी की नृशंस हत्या के मामले में हत्यारे पति पर आरोप सिद्ध पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन के प्रकरण के अनुसार 12-13 नवंबर की रात को ग्राम सुभिया मुड़पार के एक खेत में जमुना पति दीनदयाल की लाश मिली थी। महिला के चेहरे व पेट सहित कई जगह धारधार हथियार से हमला करने के निशान थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को प्रारंभिक जांच में ही मामला हत्या का प्रतीत हुआ। पुलिस को मौके से धारदार हथियार बरामद हुआ था। जांच के दौरान पूरे मामले में मृतका के पति दीनदयाल भूमिका संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें कई अहम सुराग सामने आए जिससे स्पष्ट हो गया कि हत्या दीनदयाल ने ही की है।

रागी का राग अब सुनाई नहीं देगा

तीजन बाई के रागी का निधन

छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 29 जुलाई। तीजन बाई की पंडवानी का अहम हिस्सा रहे रागी विश्राम पारकर का 25 जुलाई को निधन हो गया।

ग्राम बेलौदी दुर्ग छग में जन्मे विश्राम पारकर ने तीजन बाई के समूह के साथ सोवियत संघ, बांग्लादेश, स्वीटजरलैंड, जापान, माल्टा, ट्यूनिशिया, मारिसस, फ्रांस लगभग 17 देशों का सफर किया था। 52 वर्षीय रागी स्व. पारकर के मित्र प्यारेलाल साहू ने बताया कि विश्राम पारकर भजन के प्रति लगाव रहा है। रागी हेतु उनका चयन हुआ और आत्म उद्धार हेतु भजन कीर्तन के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। तब से आज तक रागी का ही कार्य कर रहे थे।

विश्राम पारकर का लक्ष्य पंडवानी गायक बनने का नहीं था, बल्कि रागी के क्षेत्र में बुलंदी बनने का था। उनके निधन पर भाई रामनारायण पारकर, महेश्वर पारकर, बहन सातोबाई पारकर, तीन बच्चे उमा पारकर, श्यामा पारकर, दीपक पारकर एवं उनके परिवार को आकस्मिक निधन को सहने की ईश्वर से कामना की गई है।

नक्सल पीड़ित बच्चों को मिल रहा कई संस्थाओं का प्यार

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 29 जुलाई। बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से शिक्षा-दीक्षा के लिए राजनांदगांव लाए गए नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों से नगर की शैक्षणिक संस्थाओं के साथ ही सेवाभावी संस्थाओं के जुड़ाव का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। नगर की सेवाभावी संस्थाओं से जुड़े लोग विभिन्न अवसर पर इन बच्चों के बीच पहुंचकर इन्हें पारिवारिक माहौल देने के साथ ही बच्चों को बेहतर शिक्षा-दीक्षा के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसी सिलसिले में मंगलवार को गायत्री परिवार से जुड़े लोगों ने कौरिनभाठा स्थित छात्रावास पहुंचकर नक्सली पीड़ित परिवारों के बच्चों से भेंट मुलाकात की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। गायत्री परिवार द्वारा इस मौके पर भक्ति संध्या का भी आयोजन किया गया। गायत्री परिवार द्वारा इस मौके पर बच्चों को प्रेरणास्पद पुस्तकों का वितरण किया गया व गायत्री मंत्रोच्चार की महत्ता बताई गई।

यहां यह उल्लेखनीय है कि गायत्री परिवार द्वारा नक्सल पीड़ित परिवारों के 31 बच्चों को बीते 5 वर्ष से गोद लेकर उनके शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

लेखा प्रभारी ने लगाया सवा लाख का चूना

दुर्ग, 29 जुलाई। मत्स्य कृषक विकास अभिकरण दुर्ग में एक कर्मचारी द्वारा धोखाधड़ी कर विभाग को 1 लाख 25 हजार रुपए का चूना लगाने का मामला सामने आया है। बैंक से रूपए निकालने आरोपी कर्मचारी ने चेक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर किया था। मामला सामने आने के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर आरोपी कर्मचारी अनिल कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा जुर्म दर्ज किया गया है। आरोपी कर्मचारी अनिल श्रीवास्तव मत्स्य कृषक विकास अभिकरण में सहायक ग्रेड-3 लेखा प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं।

पुलिस के मुताबिक घटना 6 व 7 जुलाई के मध्य की हैं। मत्स्य कृषक विकास अभिकरण का कार्यालय कलेक्टर बंगला के पीछे स्थित हैं। जहां लेखा प्रभारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कूटनीति रचकर विभाग के चेक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर कर सवा लाख रुपए का गोलमाल किया। बैंक से यह राशि नरेन्द्र कुमार वर्मा नामक व्यक्ति ने निकाली हैं। बताया गया हैं आरोपी कर्मचारी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर युक्त दो चेक भी अपने पास रखे हैं। मामला उजागर होने के बाद आरोपी कर्मचारी अनिल कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज किया हैं।

शहीद सप्ताह के दूसरे दिन गंतव्य तक पहुंची बसें

राजनांदगांव, 29 जुलाई। शहीद सप्ताह के आज दूसरे दिन सभी यात्री बसें अपने निर्धारित गंतव्य से चली। कल से पसरा सन्नाटा आज टूट गया। नक्सलियों की ओर से आज भी किसी भी तरह उत्पात की खबर नहीं मिली है।

बताया जाता है कि गोपनीय स्तर पर नक्सलियों ने इस मामले में ढील बरती है। कल जिले के गातापार, साल्हेवारा, बोरतलाव, छुरिया इलाकों में बसे नहीं चली थी। हालांकि अंतर्राज्यीय बस सेवाएं आज भी बंद रही। महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ आने वाली बस सेवा ठप रही। गढ़चिरौली से दल्लीराजहरा होकर जाने वाली बस नहीं आई। पुलिस की लगातार सर्चिंग की वजह से भी नक्सलियों के फरमान का असर नहीं दिखा। यद्यपि अंदरूनी इलाकों में बंद को लेकर दहशत का माहौल अभी भी व्याप्त है। अंदरूनी इलाकों में चलने वाली बसों में यात्रियों की संख्या में काफी कमी नजर आई।

वर्षा योग के लिए पांच मंगल कलशों की स्थापना

दुर्ग, 29 जुलाई। जैनाचार्य 108 विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका रत्न 105 दृढ़मति माताजी अपने 26 शिष्याओं के साथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजित है। चातुर्मास योग के लिए खंडेलवाल दिगंबर जैन भवन में इसी निमित्त देवेंद्र कुमार जैन द्वारा ध्वजा-रोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

आर्यिकारत्न दृढ़मति माताजी अपने संघ सहित शोभायात्रा के साथ प्रातः चंडी चौक स्थित ऋषभदेव परिसर पहुंची जहां आचार्य श्रीके चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर, आदर्श बहुमंडल द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। वर्षा योग के लिए पांच मंगल कलशों की स्थापना अशोक नगर मप्र से आए ब्रम्हचारी प्रदीप जैन द्वारा पूर्ण विधि-विधान के साथ की कराई गई। कलशों की स्थापना विजय जैन (रोहतक, हरियाणा), विनोद जैन (कोयला वाले) बिलासपुर संतोष जैन (जय शरी परिवार) दुर्ग तथा संजय कुमार धन्नालाल काला (कोपरगांव) महाराष्ट्र किया। कलशों की स्थापना के पश्चात समस्त आर्यिकाओं को जैन भक्तों द्वारा शास्त्र भेंट किए गए।

आर्यिका रत्न दृढ़मति माताजी ने चातुर्मास के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन पवन पाटनी व केलाशचंद बाकलीवाल व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष धूपचंद छाबड़ा, उपाध्यक्ष संतोष जैन, मंत्री अशोक गोधा, संयोजक संदीप लुहाड़िया, विजय जैन, विमल जैन, ज्ञानचंद काला, ललित जैन, रतन जैन पाटनी ने किया।

स्टोव भभकने से कबाड़ में आग

छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई नगर, 29 जुलाई। जलेबी चौक में कैंप-2 में आज सुबह एक कबाड़ी के यहां स्टोव भभकने से आग लग गई। रिहायशी इलाके में कबाड़ इकट्ठा होने की वजह से आग तेजी से फैली। जिस पर काबू पाने दमकल की 5 गाड़ियों को 2:30 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। इस कबाड़ी के यहां पहले भी 4 मरतबा आग लग चुकी है, इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जलेबी चौक कैंप-2 में आज सुबह 7:45 बजे कबाड़ी मदन पाटनी के घर में महिला खाना बना रही थी। इस दौरान आज स्टोव भभकने से महिला घबरा कर सब कुछ वहीं छोड़ बाहर निकल गई। इससे आग तेजी से भड़की। चूंकि पाटनी के घर पर ही सारा कबाड़ इकट्ठा रहता है इसलिए वहां रखे प्लास्टिक के डिब्बे और दूसरे कबाड़ में तेजी से आग पकड़ने लगी। चारों तरफ रिहायशी इलाका होने की वजह से हड़कंप मच गई। मौके पर पहुंची दमकल को आग बुझाने काफी मशक्कत करनी पड़ी। यहां एक के बाद एक 5 दमकल वाहन यहां पहुंचे और करीब 2:30 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। छावनी टीआई बीडी नंद ने बताया कि आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है लेकिन असुरक्षित तौर पर कबाड़ इकट्ठा रखने के मामले में जांच के बाद पुलिस जरूर कार्रवाई करेगी।

पांच हजार का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

कांकेर, 29 जुलाई। एसपीओ तथा जिला पुलिस ने बुधवार की रात एक पांच हजार के ईनामी नक्सली को उसके घर में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस तथा एसपीओ के संयुक्त सर्चिंग दल को मुखबिर से सूचना मिली कि दुर्गकोंदल थाने के ग्राम कोडे निवासी पांच हजार का ईनामी नक्सली सुंदर उर्फ सुन्हेर अपने घर में आया हुआ है। संयुक्त सर्चिंग दल ने उसके घर में दबिश देकर घेराबंदी कर सुंदर उर्फ सुन्हेर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 12 बोर की भरमार बंदूक दो जिंदा कारतुस तथा एक खाली कारतूस का खोखा भी बरामद किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

डकैती की योजना बनाते 5 गिरफ्तार

भिलाई नगर, 29 जुलाई। बोरसी में विराट कालोनी के पास कृष्णा आईटीआई से लगे हिस्से में पुलिस ने डकैती की योजना बनाते 5 युवकों को वाहन और हथियार सहित गिरफ्तार किया। पुलगांव पुलिस के मुताबिक पांचों युवक तलवार, डंडे, लाठी और मिर्ची पावडर रखे हुए थे। इन लोगों के पास एक टाटा डीआई वाहन भी था। पुलिस ने घेरेबंदी कर ओमप्रकाश खुर्सीपार पुराना गेट, गोविंद राणा कैंप-2, रवि सिंह मॉडल टाउन, विवेक ऊर्फ विक्की शर्मा चंद्रनगर कोहका और मोहम्मद सलीम मॉडल टाउन को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक इन सभी लोगों के खिलाफ भिलाई के थानों में अलग-अलग धाराओं में जुर्म दर्ज हैं। जब्तशुदा वाहन आरोपी ओमप्रकाश का बताया गया है।

नशे में धुत्त, 5 छात्र पकड़ाए

दुर्ग, 29 जुलाई। पुलगांव रोड स्थित सीएसआईटी के 5 छात्र कल रात्रि नशे धुत्त पुलिस के हत्थे चढ़ गए। नशे की हालत में घूम रहे इन युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पांचों युवक तीसरे सेमेस्टर मेकेनिकल के छात्र हैं। पुलिस के मुताबिक कल देर रात्रि 5 युवक शिवनाथ नदी के पास स्थित फुरसत बार से शराब पीकर निकले और वहीं मौज मस्ती करने लगे। इस दौरान पुलिस के गश्ती दल की नजर उन पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए युवकों को छुड़ाने के लिए कई नेताओं ने अपने स्तर पर प्रयास किया, किन्तु बात नहीं बन पाई।

अतिक्रमणकारी जेल गया

दुर्ग, 29 जुलाई। कलेक्टर ठाकुर रामसिंह ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के लिए दिए निर्देशों के बाद इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। दुर्ग अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी क्यू. खान ने शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। अतिक्रमण करने वाले एक व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि ग्राम खमरिया पटवारी हल्का नं. 40 तहसील दुर्ग में पंचूराम साहू द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का मकान निर्माण किया जा रहा था। एक बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई फिर भी जबरदस्ती अतिक्रमण कर मकान निर्माण कार्य प्रारंभ किया था।

श्रद्धालु बाबाधाम रवाना

दुर्ग, 29 जुलाई। अनिल राय के नेतृत्व में किरण ताम्रकार, राजकिशोर सिंह, रामकुमार मौर्या, राम सुहावन, रामानंद यादव, राजमोहन, उमेश शाह, रामकुमार बिदेश्वर शाह, ओमप्रकाश गुप्ता एवं अन्य 60 भक्तगणों का काफिला साउथ बिहार पटना एक्सप्रेस से 26 जुलाई को सुबह 7 बजे बाबा बैजनाथ धाम के लिए सुल्तान गंज से गंगाजल उठाकर 104 किमी. पदयात्रा करते हुए जल चढ़ाने रवाना हुए। इस अवसर पर दुर्ग रेलवे स्टेशन से प्रीतपाल बेलचंदन, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. दुर्ग शंकरलाल यादव, अवध शाह ने गुलाल एवं पुष्पमाला पहनाकर भक्तगणों को रवाना किया।

बेरोजगारी भत्ता के 305 प्रकरण स्वीकृत

दुर्ग, 29 जुलाई। गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग प्रभारी कुमुद बघेल ने निगम क्षेत्र के 305 शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने आवेदनों को स्वीकृत किया है। महापौर परिषद के गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण समिति की बैठक कल कुमुद बघेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बेरोजगारी भत्ता के लंबित प्रकरणों, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों की जानकारी संबंधी प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के सदस्य चमेली साहू, सुशीला खिलाड़ी, रामजी यादव, मंजू अमर भोई, इंदर चंद्राकर, मधु सिंह, शहीद खान, सोनूराम साहू, कु. कामिनी

सैलानी की डायरी

कुछ देशों में और धर्मों में सुअर को बहुत गंदा और अपवित्र माना जाता है लेकिन बहुत से दूसरे देशों के साथ-साथ पश्चिम के देशों में सुअर को लोग शौक से पालते हैं और उतने ही शौक से खाते हैं। अमरीका जैसे देशों में लोग सुअर की शक्लों की गुल्लक बनाते हैं और जिंदा सुअर के शरीर पर गुदने भी गुदवाते हैं। ऐसा ही एक मालिक अपने सुअर के साथ आराम करते हुए।

पाठक इस कॉलम के लिए दुनिया भर की तस्वीरें भेज सकते हैं। अगर तस्वीर उनकी खींची हुई हो तो उसका जिक्र करें।
pix.chhattisgarh@gmail.com

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विद्या कॉलेज अग्रणी

दुर्ग, 29 जुलाई। विद्या कॉलेज आफ आईटी तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में 1 जुलाई सन् 2009 में अस्तित्व में आया। एमसीए, एमएससी, आईटी, बीबीए और बीबीए पाठ्यक्रम जो पंजाब टेक्निकल विश्व विद्यालय के अधीन हैं और विद्या कॉलेज में संचालित है। सन् 2009-10 में स्नातकोत्तर स्तर पर गुणवत्ता का परिचय देते हुए विद्या कॉलेज में संचालित सभी कोर्स दूर शिक्षा कार्यक्रम पर आधारित जिससे वे लोग जो नियमित कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो सकते, वे निःसंदेह लाभान्वित हो रहे हैं और ऐसे विद्यार्थियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यहां एमबीए, बीएससी आईटी के पाठ्यक्रम भी प्रारंभ कर दिया है, जिसमें प्रवेश जारी है।

सफलता की सोपानों को पार करते हुए विद्या कॉलेज अपने द्वितीय वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसका संपूर्ण श्रेय निःसंदेह कॉलेज मैनेजमेंट एवं समर्पित शिक्षक एवं विद्यार्थीगण पालकगण को जाता है। पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कोर्स दुर्ग शहर के हृदय में स्थित विद्या कालेज आफ आईट स्टेशन रोड दुर्ग में संचालित है। विद्या कालेज आफ आईटीओ कि सीएसओ सार्टिफाइड संस्थान है। आईटी के बढ़ते मांग को देखते हुए पीटीयू ने नवीन सिलेबस तैयार किए हैं। विद्या कालेज आफ आईटी के प्रथम वर्ष में ही पीजी कोर्स परपंच पर संचालित पाठ्यक्रम जिसमें एमएससी (आईटी) एमसीए में विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है। जिसमें एमसी 5 सेम की कोमल त्रेहण ने 74.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। एमसीए 5 सेम मनोज कुमार 73.43, श्रुति कीर्ति 6971, सुखदीप कौर 69.29, एमएससी (आईटी) गीतिका परिहार 69.76, प्रज्ञा भगत 68.76, कल्पना राजपूत 67.57, बबीता चक्रधारी 67.14, दुर्गेश नदानी 65.71, एमसीए 3 सेम दीपिका ललवानी 74.47, वर्षा रेवांगन 68,57 स्वाती मालवी 67.29, सनी जैन 67.29, ललिता शबी 66.43, बीबीए ईसीता श्रीवास्तव 67.69 आदि छात्र-छात्राओं ने कालेज के प्रतम वर्ष में ही अपनी प्रतिभा को सिद्ध किया है।

निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा क्रांति का सूचक : शकील

राजनांदगांव, 29 जुलाई। शिक्षा खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी सदस्य शकील अंसारी ने भारत सरकार के शिक्षा का अधिकार कानून को बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा क्रांति का सूचक बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का कानून बनाकर शिक्षित भारत का मार्ग प्रशस्त किया है।

श्री अंसारी ने एक विज्ञप्ति में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री कपिल सिब्बल का इस क्रांतिकारी कानून के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कानून के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को भी सम्मान मिला है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने राजपत्र में यह प्रकाशन किया है कि स्थानीय प्राधिकरण के निर्वाचित प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए शाला प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा।

दुर्ग। बेमेतरा जनपद अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने ग्राम बीजाभाट एवं जेवरी के स्कूलों में अचानक छापा मारकर उपस्थिति पंजी की जांच की। छात्र-छात्राओं से मिलकर उनके समस्याओं को जाना वह समय पर नहीं पहुंचने वाले शिक्षक अनुशात्मक कार्रवाई करने की बात प्रधान अध्यापक को कही। साथ में दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ निर्वाणी भी उपस्थित थे।

महापौर के निर्देश पर हुआ निरीक्षण

दुर्ग, 29 जुलाई। महापौर डॉ. शिवकुमार तमेर द्वारा दिए निर्देश पर मान होटल के सामने जारी मरम्मत कार्य का कल जलकार्य प्रभारी नीता जैन ने निरीक्षण किया। मान होटल के सामने शिक्षक नगर पानी टंकी को भरने वाला वाल स्थापित है, जिसमें पूर्व में बनाया गया चेंबर टूट गया था, जिससे वाल के आसपास बड़ा गड्ढा हो गया था। चूंकि यह वाल चौक से लगा होने के कारण आम नागरिकों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी।

महापौर डॉ. तमेर द्वारा वार्ड निरीक्षण के दौरान उक्त चौक में वाल का चेंबर व गड्ढे को देख उसका मरम्मत करने निर्देश दिया गया था। कल जलगृह विभाग के कर्मचारियों ने वाल का चेंबर बनाकर मरम्मत कार्य किया गया। इस दौरान जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर व कर्मचारी उपस्थित थे।